दिन– मंगलवार

दिनांक– 05/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर के विक्रमशिला सेतु का हवाई निरीक्षण किया। सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से को शीघ्र ठीक कराने का दिया निर्देश।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का सात मई को होगा विस्तार। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल।

03. वियतनाम के राष्ट्रपति तो–लाम ने बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना की। गया एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति का किया स्वागत।

04. और, मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भागलपुर के विक्रमशिला सेतु का हवाई निरीक्षण किया। संवाददाताओं से बातचीत में भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से को जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया है।

––साउंड बाइट––

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने मुंगेर में मुंगेर–भागलपुर गंगा पथ निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने परियोजना स्थल जाकर कार्यों का निरीक्षण भी किया। मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का सात मई को विस्तार होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और

एनडीए के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। श्री सरावगी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन पटना के गांधी मैदान में किया जायेगा।

––साउंड बाइट––

इस बीच, शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी है। गांधी मैदान में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार पिछली सरकार के लिए तय फॉमूले के आधार पर ही होगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी घटक दलों को मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

––साउंड बाइट––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर में पार्टी की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह–महाअभियान का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सरकार और पार्टी के बीच समन्वय बनाकर चलने का आह्वान किया। मुंगेर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रत्येक पांच वर्ष में कार्यकर्ताओं को संगठन के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है।

––साउंड बाइट––

इससे पहले, श्री चौधरी मुंगेर के ज्योति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने तिरूपति बालाजी की पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री बिहार योग विद्यालय में आयोजित श्रीनिवास कल्याणोत्सवम् आरती समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

---

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम ने आज बोधगया स्थित विश्‍व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाकर भगवान बुद्ध को नमन किया। इसके बाद, राष्ट्रपति तो लाम वियतनामी मठ पहुंचे, जहाँ उन्होंने

विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता की। उनके इस दौरे को भारत और वियतनाम के बीच धार्मिक एवं आध्यात्मिक संबंधों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पूर्व, गया हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने राष्ट्रपति तो लाम का स्वागत किया।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने आज गया स्थित ऑफिसर्स अकादमी का दौरा किया। साथ ही उन्होंने सैन्य अधिकारियों और ऑफिसर्स कैडेट्स के बीच सैन्य नेतृत्व की भावना विषय पर व्याख्यान दिया। श्री हसनैन ने ईमानदारी, पेशेवर उत्कृष्टता, निरंतर सीखने की ललक और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की अटूट भावना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय सेना में चार दशकों के अपने अनुभव भी साझा किए।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से किया जाएगा। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। बेगूसराय के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

––साउंड बाइट––

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रथों को रवाना किया गया है।

---

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव दो हजार छब्बीस के लिए क्षेत्रवार जनसंख्या के आंकड़ें और चौहदी का प्रारूप प्रकाशित कर दिया है। प्रारूप पर अठारह मई तक दावा और आपत्ति ली जायेगी। आपत्तियों का निपटारा बाईस मई को किया

जायेगा जबकि प्रारूप सूची का अंतिम प्रकाशन पांच जून तक किये जाने की सम्भावना है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और अररिया समेत बारह जिलों में धूलभरी आंधी के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान वज्रपात का भी अलर्ट है।

——साउंड बाइट——

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर में सबसे अधिक उनसठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत बहत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार कुल एक हजार दो सौ तीस पदों पर नियुक्ति होगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सात मई से शुरू होगी। अभ्यर्थी इकतीस मई तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा जुलाई महीने में संभावित है।

---

प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन कर दिया है। इस सूची के आधार पर बारह मई तक छात्र आवंटित विद्यालय में नामांकन ले सकेंगे। विस्तृत जानकारी समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने पांच हजार छह सौ उनतालीस शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की है। ये सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से गायब पाये गये थे या फिर विलंब से विद्यालय पहुंचे थे। इन सभी शिक्षकों को बहत्तर घन्टे के अंदर जबाब देने का निर्देश दिया गया है।

——साउंड बाइट——

---

पूर्व मध्य रेल के सरायगढ़ और देवघर के बीच सात मई से अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू होगा। विक्रमशिला सेतु पर यातायात बंद होने के बाद रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन सुपौल, सहरसा, खगड़िया और भागलपुर के रास्ते देवघर तक चलेगी।

---

पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत बड़हरवा रेलवे स्टेशन पर पर रेल पुलिस और आरपीएफ ने ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत चार नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

---

सहरसा के सौर बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से चार लोगों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के सीमा चौकी नरपतपट्टी के पास से एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक सौ तैंतीस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

सासाराम समाहरणालय में शाहाबाद क्षेत्र के किसान उत्पादक समितियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को आधुनिक विपणन व्यवस्था, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और भंडारण की अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गयी।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए तीस मई तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

---

भोजपुर जिला नियोजनालय में आज एक दिवसीय नियोजन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में आई कंपनी ने पैंतीस अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया।

---

युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए छपरा के भिखारी ठाकुर सभागार में सात मई को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

---

कैमूर जिला प्रशासन ने भभुआ नगर परिषद के सभापति का कार्यभार उपसभापति रविता पटेल को सौंप दिया है। पूर्व सभापति विकास तिवारी को अयोग्य ठहराए जाने के बाद उपसभापति को कार्यभार सौंपा गया है।

---

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के मामले में कटिहार जिला राज्यभर में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी बताया कि अब स्कूलों के अलावा अन्य जगहों पर भी कैंप लगाकर बच्चों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने को लेकर टीका दिया जा रहा है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर के विक्रमशिला सेतु का हवाई निरीक्षण किया। सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से को शीघ्र ठीक कराने का दिया निर्देश।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का सात मई को होगा विस्तार। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे शामिल।

03. वियतनाम के राष्ट्रपति तो–लाम ने बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना की। गया एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति का किया स्वागत।

04. और, मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।